प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
सचिवालय परिसर देहरादून।

संख्याः–884 / तेरह–आ0प्र0 / गौमुख / सर्वे0 / 2020–21 दिनांक 22 अप्रैल, 2024

**विषयः–** **मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में योजित जनहित याचिका संख्या–148 / 2017 अजय गौतम बनाम राज्य के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासन के पत्र संख्या–06 / /XVIII-B-1 / 2024–11 (18) / 2017 दिनांक 12.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या–34-W/XVIII-B-1 / 2023–11 (18) / 2017 दिनांक 16.05.2023 के द्वारा मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में योजित याचिका संख्या–148 / 2017 अजय गौतम बनाम राज्य में सुनवाई दिनांक 28.07.2022 के माध्यम से प्रकरण को डिस्पॉज ऑफ किया गया है तथा पारित आदेश के प्रस्तर–05 एवं 06 का शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में आख्या प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त याचिका में पारित आदेशों का जनपद स्तर से अनुपान किया जाता है, प्रश्नगत क्षेत्र में सम्भावित जोखिम की सर्तकता के समय–समय पर वन विभाग के दल से सर्वेक्षण करवाया जाता है। उप निदेशक, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी के संलग्न पत्र संख्या–757 / 1–13 कोटबंगला दिनांक 18.04.2024 के द्वारा अवगत कराया गया है कि वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में दिनांक 16.04.2024 व दिनांक 17.04.2024 को एक टीम भोजबासा–गौमुख भ्रमण पर गयी थी। **जिनके द्वारा अवगत कराया गया है कि भ्रमण के दौरान गौमुख क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई हलचल नहीं है। नदी अपने पुराने बहाव में बह रही हैं, नदी के बहाव में किसी प्रकार की काई परिवर्तन नहीं हैं, ना ही किसी प्रकार की गतिविधियां क्षेत्र में पाई गई है।**

अतः उक्त निरीक्षण की आख्या संलग्न कर सादर सेवा में प्रेषित है।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

22/4/24

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

GANGOTRI
NATIONAL PARK

# कार्यालय वन क्षेत्राधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री राजि।

Div. Office at: Forest Colony (Kotbanglow) Dist. Uttarkashi, Phone & Fax 01374-222695
Email- ddgangotrinationalpark@gmail.com

पत्रांक : 757/1-13 कोटबंगला, दिनांक 18.04.2024

सेवा में,

जिलाधिकारी
उत्तरकाशी।

विषय :- **गौमुख क्षेत्र का सर्वेक्षण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक पत्र के सम्बन्ध में निवेदन करना है कि गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क के अन्तर्गत मेरे नेतृत्व में दिनांक 16.04.2024 तथा 17.04.2024 को एक टीम भोजबासा-गौमुख भ्रमण पर गई थी। भ्रमण के दौरान देखने में आया कि गौमुख क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई हलचल नही है। नदी अपने पुराने बहाव में बह रही है, नदी के बहाव में किसी प्रकार की कोई परिवर्तन नही है, ना ही किसी प्रकार की गतिविधियां क्षेत्र में पाई गई है।

अतः महोदय की सेवा में रिपोर्ट प्रेषित है।

भवदीय

वन क्षेत्राधिकारी
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क,
गंगोत्री राजि।